गुरु रहमत से तर जायेगा ....

गुरु रहमत से तर जायेगा । जरा सतसंग में आकर तो देख ॥
हरि ॐ हरि ॐ गा कर तो देख । तेरा जीवन ही संवर जायेगा ॥

१. गुरु नाम तू जप कर तो देख । उनके विरह में रो कर तो देख ॥
दामन खुशियो से भर जायेगा । हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ
गुरु रहमत ...

गुरु रहमत तभी होगी । जब उनकी आज्ञा में चलें सत्यकाम आज्ञा मानकर गया ४०० मे से १००० गाये हो गई तब लौट रहा था । तब रास्ते मे ही उसको ब्रह्म ज्ञान हो गया । आजकल का बन्दा बोलता है, मैं यह क्यो कंरू । मै वो क्यो कंरु । मै ऐसा क्यो कंरु । तो जाओ सिर पटको । सत्यकाम जाबाल को याद है ४०० मे से १००० गायें कब हुई होगी । जो आज्ञा में चलें वो रहमत पायें विवेकानन्द जैसी फिर क्या होगा ।

जग में चर्चा यो होगी तेरी । जिस गली से गुजर जायेगा ॥
दामन खुशियो से भर जायेगा । हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ ।
गुरु रहमत ...

कई लोग बोलते है गुरु दर पर जाने से क्या फायदा । कई लोग हमको जाने से रोकते है । आपको कई ऐसे मिलते होगें बोलें क्या फायदा पागल हो गये हो यह उम्र कोई गुरु द्वार जाने की है । यह उम्र तो फिल्मे देखने की उम्र है फैशन करने की उम्र है कलब मे जाकर बर्बादी करने की उम्र है तो आप यह सीख देना । कोन सी सीख आप उनको कहना ।

गुरु दर पे तो आकर तो देख ...२ । तु चोरासी से छुट जायेगा ॥
तेरा बन्धन ही कट जायेगा ।
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ ।

गुरु रहमत से तर जायेगा । जरा सतसंग में आकर तो देख ॥
हरि ॐ हरि ॐ गा कर तो देख । तेरा जीवन ही संवर जायेगा ॥

Send corrections to hariomgroup@gmail.com